हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025

11 सफाई कर्मचारी शोषण और उत्पीड़न सहन नहीं करेगा


12 फतेहाबाद में धान खरीद में पिछले साल का रिकॉर्ड टूटा


**खबर संक्षेप**

### गांव कुम्हारिया में प्रशासन का रात्रि ठहराव आज

**सिरसा।** जिला प्रशासन द्वारा खंड नाथूसरी चौपटा के गांव कुम्हारिया के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में 27 अक्तूबर को शाम 4 बजे से प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन के सभी विभाग दिन में आमजन को स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 2 नवंबर को

**कालांवाली।** भारत विकास परिषद शाखा कालांवाली द्वारा अगामी दो नवंबर को तेरापंथ जैन सभा में लगाए जाने वाले निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व भारत को जानो प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर रविवार को परिषद् के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश गर्ग के निवास पर बैठक हुई। मोहन लाल बंसल ने बताया कि शिविर में डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. स्वाति गर्ग मरीजों की जांच करेंगे। बैठक में दिनेश गर्ग जैन, हीरा सिंह अरनेजा, अजय गर्ग, सतीश राजपाल, अरुण गर्ग एडवोकेट, मनोज गर्ग सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ व पॉक्सो का आरोपी दबोचा

**डबवाली।** महिला थाना डबवाली पुलिस ने एक आरोपी को छेड़छाड़ व पॉक्सो अधिनियम के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी की पहचान घनश्याम दास निवासी मंडी डबवाली के रूप में हुई है। महिला थाना डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक कमला देवी ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी द्वारा उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने व पॉक्सो अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के उन्होंने अपनी टीम के साथ महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए आरोपी घनश्याम दास को गिरफ्तार किया है। आरोपी घनश्याम दास को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### हादसे में बाइक सवार मां-बेटे व बच्ची घायल

**टोहाना।** टोहाना के नए बाईपास पर स्थित नए बस स्टैंड के सामने रविवार को एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार मां, बेटे और एक 5 साल की बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में 18 वर्षीय राजेश कुमार, उनकी 33 वर्षीय माता कांता और एक 5 वर्षीय बच्ची शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान के गंगानगर निवासी राजेश कुमार अपने परिवार के साथ भूना में रहते हैं। वे रविवार को अपनी माता और बच्ची के साथ जींद जिले के धमतान साहिब गुरुद्वारे में पूजा कर टोहाना बाईपास से भूना की ओर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।

## शुभ मुहूर्त 1 नवंबर को, 200 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

# देवउठनी एकादशी शनिवार को गुलाबी ठंड में गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कार्तिक मास में देवउठनी एकादशी के अवसर पर 1 नवम्बर को अबूझ सावा होने के कारण शादियों की धूम रहेगी। हिंदू परंपरा में देवउठनी एकादशी की विशेष महत्व है। माना जाता है इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की योग-निद्रा से जागते हैं। इसी के साथ सृष्टि का संचालन फिर से शुरू हो जाती है और पिछले चार महीनों से बंद हुए सभी मांगलिक काम फिर से शुरू हो जाते हैं। जिनमें शादी, मुंडन, गृह प्रवेश और यज्ञोपवीत संस्कार आदि प्रमुख हैं। इस साल देव उठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी, जिसके बाद शादी की शहनाई भी बजने लगेंगी। इन दिनों शहर में हल्की गुलाबी ठंड का आगाज हो गया। शहर के मैरिज पैलेसों, होटलों व धर्मशालाओं में रौनक सा माहौल दिखाई देने लगा है। एक अनुमान के अनुसार शनिवार 1 नवम्बर को जिलेभर में 200 से अधिक जोड़े विवाह के परिणय सूत्र में बंधेंगे।

■ चार माह की योग निद्रा से जागते हैं देव





**फतेहाबाद।** शहर का सजा हुआ मैरिज पैलेस व बारात रवानगी के लिए तैयार खड़ी गाड़ी।

**नवम्बर में 13 तो दिसम्बर में 3 दिन मुहूर्त**



ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार नवंबर और दिसंबर में कुछ ऐसे विशेष दिन हैं जो विवाह के लिए अत्यंत शुभ माने गए हैं। देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर का महीना विवाह के लिए बेहद अनुकूल रहेगा। इस माह कुल 13 शुभ तिथियां मिल रही हैं जिन पर विवाह करना अत्यंत शुभ माना गया है। नवम्बर माह में एक नवंबर के बाद 2, 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 व 30 नवम्बर के दिन शुभ है। नवंबर की तुलना में दिसंबर महीने में विवाह के लिए कम मुहूर्त उपलब्ध होंगे। पंचांग के अनुसार दिसंबर में केवल 3 शुभ तिथियां विवाह के लिए रहेंगी, इनमें 4, 5 व 6 दिसम्बर शामिल है। शहर के प्रमुख ज्योतिष पंडित राजेश शर्मा के अनुसार हर क्षण में ग्रह और नक्षत्र अपनी स्थिति बदलते रहते हैं। ऐसे में उनका प्रभाव मानव जीवन पर सीधा पड़ता है। शुभ मुहूर्त वह समय होता है जब ग्रहों की स्थिति वर-वधु के पक्ष में होती है। इस अवधि में किया गया विवाह न केवल दांपत्य जीवन में सौभाग्य और स्थिरता लाता है, बल्कि देवताओं का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

शास्त्रों के अनुसार भगवान विष्णु चार मास के लिए विश्राम करते हैं, जिसे चातुर्मास बोला जाता है। 25 जुलाई को भगवान विष्णु नींद में गए थे, जिसे देवशयनी के नाम से जाना जाता है।

**बैंक्वेट एडवांस में फुल**

माना जाता है कि देवों के उठने के बाद ही सारे शुभ काम पूरे होते हैं। इस साल एक नवम्बर कार्तिक एकादशी पर भगवान विष्णु द्वारा अपनी निद्रा से उठने के बाद विवाह का शुभ संयोग बनेगा। जिस कारण देवउठनी एकादशी का दिन विवाह के लिए सबसे बड़ा सावा निकला। शनिवार को शहर में रतिया रोड पर किंग्स एम्पायर, कुलदीप पैलेस, फाइव एकड़, दीप होटल सहित सभी धर्मशालाओं की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। पिछले चार महीने से परिणय सूत्र में बंधने का इंतजार कर रहे जोड़ों का 1 नवम्बर को देवउठनी एकादशी के दिन इंतजार खत्म हो जाएगा। 1 नवम्बर से शुरू होने वाला शादियों का सिलसिला दिसम्बर माह में भी जारी रहेगा।

**1 नवम्बर को रखा जाएगा व्रत**

इस साल देवउठनी एकादशी 1 नवम्बर को पड़ रही है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 1 नवंबर को सुबह 09:11 बजे होगी, इसका समापन 02 नवंबर को सुबह 07:31 बजे होगा। ऐसे में इस साल देवउठनी एकादशी का व्रत 1 नवंबर शनिवार को रखा जाएगा।

**खाटू श्याम में लगेगा मेला**

देवउठनी एकादशी पर राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में श्याम बाबा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर खाटू श्याम में विशाल मेले का भी आयोजन होता है। देश-विदेश से लाखों की संख्या में लोग श्याम बाबा का जन्मदिन मनाते हैं। इस दिन श्याम बाबा को ध्वजा अर्पण की जाती है और केक काटा जाता है। खाटू श्याम के अलावा फतेहाबाद के मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। एकादशी को लेकर मंदिरों को खूब सजाया जाता है।



फतेहाबाद। भूथन कलां, भिरड़ाना के बीच पानी आने के इंतजार में सूखी नहर में खड़े किसान।

**किसानों की बढ़ी परेशानी**

## नहर में रविवार को भी नहीं आया पानी, जमीन सूखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पहले जलभराव और अब नहरें सूखी हैं। टोहाना हेड से फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में शेड्यूल के मुताबिक पानी शुक्रवार शाम को छोड़ जाना था लेकिन रविवार सुबह तक पानी नहीं छोड़ा गया। इससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है। किसान सभा के जिला सचिव ओम प्रकाश फगेड़िया ने बताया कि नहरों में पानी छोड़ने को लेकर एसडीओ फतेहाबाद राजेश कुमार से किसान सभा के सदस्यों अमरजीत सिंह ढाका और ओमप्रकाश कुलड़िया ने बात की।

एक्सईन श्याम धींगडा से बात की गई तो उन्होंने माना कि पानी छोड़ने में देरी हुई है, अभी पानी छुड़वा रहे हैं। किसान सभा का कहना है कि सवाल यह है जो 48 घंटे का नहरी पानी का नुकसान किसानों को हुआ है उसका जिम्मेदार कौन है। यह समय रबी सीजन की सरसों, गेहूं आदि की बिजाई का चल रहा है। सरसों की बिजाई में तो किसान लेट हो रहे हैं। किसानों को हुए नुकसान की पूर्ति कौन करेगा। किसान नेताओं ने कहा कि एसडीओ महेंद्र वर्मा बताते हैं कि टोहाना हेड पर पृथला नहर और फतेहाबाद नहर के बीच दीवार की लीकेज होने के कारण मरम्मत का काम चल रहा है, लेकिन वास्तव में जानकारी के मुताबिक नाढोडी के नजदीक पुल के पास घाट की मरम्मत का काम चल रहा है।

**मरम्मत में देरी क्यों?**

किसान सभा के प्रधान पतराम ढाणी ईशर ने बताया कि जब पिछले 18-20 दिन से नहर में पानी बंद था तो यह मरम्मत का काम क्यों नहीं कराया और अगर पूरा नहीं हुआ तो पानी समय पर छोड़ा जाना चाहिए था और बचा हुआ मुरम्मत का काम 15 दिन बाद नहरबंदी पर पूरा हो सकता था। किसान सभा के नेताओं ने चेतावनी दी कि शुक्रवार, शनिवार और रविवार के किसानों को तीन दिन अतिरिक्त नहर चलाकर सिंचाई के पानी की भरपाई की जाए नहीं तो इसके लिए संघर्ष का विकल्प चुना जाएगा।

## प्रदूषण में रविवार को मिली थोड़ी राहत कल तेज हवा चलने से और होगा सुधार

**फतेहाबाद।** वायु प्रदूषण के मामले में एक बार फिर फतेहाबाद जिला देशभर के टॉप शहरों में शामिल हो गया है। पंजाब के साथ लगते जिले फतेहाबाद की आबो-हवा सबसे जहरीली बनी हुई है। शनिवार को यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स 370 दर्ज किया गया, जो देश में सबसे ज्यादा रहा। राहत की बात यह रही कि रविवार को इसमें कुछ सुधार हुआ और एक्यूआई 150 से नीचे आ गया है। दिवाली के बाद से ही हरियाणा में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ा है। दीवाली पर हुई आतिशबाजी के अलावा धान कटाई के बाद खेतों में पराली जलने के मामले सामने आने के बाद यहां की हवा जहरीली होती जा रही है। हालांकि इस बार पिछले साल के मुकाबले पराली जलाने के नाममात्र मामले ही सामने आए हैं लेकिन आस-पड़ोस के क्षेत्रों में पराली जलने से यहां की हवा प्रदूषित हो रही है।

■ आतिशबाजी की वजह से बढ़ा था प्रदूषण

**बादल छाने के आसार**

मौसम विभाग ने 28 और 29 अक्टूबर को मौसम बदलने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हरियाणा में बादल छाएंगे। हवा की गति तेज होने से प्रदूषण का स्तर कम हो सकता है। वहीं पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड और बढ़ सकती है। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, स्मॉग एक तरह का पीला या काला कोहरा होता है। यह वायु प्रदूषण के मिश्रण से बनता है, जिसमें नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड और कुछ कार्बनिक कंपाउंड शामिल होते हैं। ये सभी मिलकर सूर्य के प्रकाश के साथ प्रतिक्रिया करके ओजोन बनाते हैं। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, दिन में बादल छा सकते हैं और हल्की ठंड बढ़ सकती है, जबकि रात का तापमान सामान्य के आसपास या थोड़ा ऊपर रहने की उम्मीद है।

### मारपीट के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा के सीडीएलयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट के मामले में एक और आरोपी को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन प्रबंधक प्रदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान कमलदीप के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मोहम्मद फैज निवासी मेवात की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने धर्म विशेष पर टिप्पणी करते हुए गाली-गलौज किया और मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इस मामले में पहले ही चार आरोपियों को पकड़ा जा चुका है।

## फतेहाबाद में नाले में मिला अज्ञात युवक का शव, कुछ जगह से नोंचा गया था

**फतेहाबाद।** खंड के गांव खाबड़ा खुर्द में रविवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गए और इस बारे पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव की जांच पड़ताल की। शव के दोनों पैरों के पंजे, हाथों की अंगुलियां व सिर का कुछ हिस्सा नोंचा हुआ मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है और उसकी उम्र 35 साल के आसपास लग रही है। मृतक की पहचान को लेकर पुलिस ने आसपास के गांवों में भी सूचना भेजी है। युवक की मौत कैसे हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही लग पाएगा।

■ करीब 35 साल लग रही है उम्र

**सिर मिट्टी में दबा था**

मिली जानकारी के अनुसार, गांव खाबड़ा खुर्द में जोहड़ के पास बनी आंगनबाड़ी की दीवार के साथ रविवार को ग्रामीणों ने नाले में एक व्यक्ति के शव को देखा। गांव के ही उमेद ने बताया कि जब वह यहां से गुजर रहा था तो उसने शव देखा तो आसपास के लोगों को बताया। बाद में काफी संख्या में ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही भट्टूकलां पुलिस थाने से टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच में पाया कि मृतक व्यक्ति का सिर मिट्टी में दबा हुआ था। उसके दोनों पैरों के पंजे और दोनों हाथों की उंगलियां नोची हुई थी। उसकी कोहनी और सिर के हिस्से को भी नोंच रखा था। माना जा रहा है कि व्यक्ति का शव 2-3 दिन से यहीं पड़ा था और किसी जानवर द्वारा उसके शरीर के हिस्सों को नोच खाया गया। इस बारे भट्टूकलां थाना प्रभारी राधेश्याम चावलिया का कहना है कि मृतक की पहचान नहीं होने के कारण 72 घंटों के लिए डेड बॉडी को सिविल अस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया गया है। युवक की मौत कैसे हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

## होटल मालिक से पैसे ऐंठने के मामले में एक काबू, दो की तलाश

**टोहाना।** होटल मालिक को ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने एक स्वयंभू पत्रकार को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पवन निवासी गांव नंगली, टोहाना के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि थाना पुलिस को पुलिस अधीक्षक कार्यालय फतेहाबाद से एक परिवाद प्राप्त हुआ था, जिसमें कृष्णा कॉलोनी, टोहाना निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके होटल पर कुछ व्यक्तियों ने धमकाकर रुपये ऐंठे है। शिकायत के अनुसार, आरोपी पवन, विशाल मेहरा निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना तथा संदीप निवासी गांव ठरवी, अपने कुछ साथियों के साथ शिकायतकर्ता के होटल पर पहुंचे। उन्होंने होटल में बिना आईडी प्रूफ ठहरे एक जोड़े को आधार बनाकर शिकायतकर्ता को धमकाया कि वे उसका होटल बंद करवा देंगे और उसके खिलाफ समाचार प्रकाशित करेंगे। बाद में उन्होंने कथित तौर पर 1 लाख रुपये में मामला दबाने की मांग की। शिकायतकर्ता ने बताया कि भय और दबाव के चलते उसने आरोपियों को 80 हजार रुपये नकद दे दिए। जांच के उपरांत 16 अक्टूबर को पुलिस ने धारा 308(2), 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया है।

■ होटल मालिक को ब्लैकमेल कर लिए थे 80 हजार

## सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने के मामले में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सोशल मीडिया पर हथियारों के अवैध प्रदर्शन के मामलों में कड़ी निगरानी रखते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राजिंद्र पुत्र महावीर निवासी खाराखेड़ी के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि थाना पुलिस को सिपाही संदीप कुमार की ओर से एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में धर्मपाल व ओमप्रकाश पोटलिया निवासी धारनियां, विरेन्द्र कुमार निवासी लालवास, अजय निवासी बडोपल, राजेंद्र निवासी खारखेड़ी और अनिल कुमार बिश्नोई निवासी फतेहाबाद शामिल हैं।

**दहशत फैलाने पर होगी कार्रवाई**

पुलिस ने पाया कि यह कार्रवाई आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आती है। इस पर थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने 20 मई को मामला दर्ज किया। जांच के दौरान चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि राजेंद्र कुमार निवासी खारखेड़ी को हाल ही में काबू किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार हथियारों का प्रदर्शन करना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस तरह के मामलों पर पूरी गंभीरता से नजर रखे हुए है और ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा जो समाज में भय या गलत संदेश फैलाने का प्रयास करेगा।

**नशा तस्करों पर पुलिस का एक्शन**

## नशीले पदार्थ के मुख्य सप्लायर को टोहाना पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ 4 किलोग्राम कचरा डोडापोस्त मामले में हुई कार्रवाई

नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े एक मामले में टोहाना पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान परगट सिंह पुत्र तारा सिंह निवासी गांव रत्ता थेह, थाना जाखल के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में एक अन्य आरोपी सुखविंद्र सिंह उर्फ पोना को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि यह कार्रवाई थाना पुलिस द्वारा 23 सितम्बर को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में की गई है।

मामले में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांव करंडी-रत्ता थेह मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान आरोपी सुखविंद्र सिंह उर्फ पोना पुत्र दल सिंह निवासी रत्ता थेह को 4 किलोग्राम कचरा डोडा पोस्त सहित काबू किया था। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया था कि उसने यह नशीला पदार्थ परगट सिंह पुत्र तारा सिंह निवासी रत्ता थेह से खरीदा था। पुलिस ने तत्पश्चात मुख्य सप्लायर परगट सिंह की तलाश शुरू की और तकनीकी निगरानी एवं गुप्त सूचना के आधार पर उसे काबू कर लिया। प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। परगट सिंह ने स्वीकार किया कि वह नशे के कारोबार में शामिल था और डोडा पोस्त की स्थानीय सप्लाई चेन संचालित करता था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जमानत पर रिहा कर दिया है। मामले की नियमानुसार आगे की जांच जारी है।

**डोडापोस्त सहित दो युवकों को पकड़ा**

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 4 किलो 560 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट वाली बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल भी जब्त की है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि उनकी टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में मामुपुर रोड पर गश्त व चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गांव कुदनी हेड निवासी वंशप्रीत उर्फ अंश पुत्र सुखविंद्र सिंह और आकाशदीप उर्फ आकाश पुत्र दर्शन सिंह बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे थे। तलाशी के दौरान कट्टे से कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ।

**भक्ति** | दो सगी बहनें आराध्या व कृतिका जैन वैराग्य की राह पर चली, शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

# आठ साल के तप के बाद दो बहनों को मिलेगी दीक्षा

■ वैरागन बहनों का रानियां में तिलक अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रानियां

शहर में रविवार को वैरागन दो सगी बहनों आराध्या व कृतिका जैन का तिलक रस्म समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आराध्या व कृतिका जैन की दीक्षा 22 फरवरी 2026 को पंजाब के मलेरकोटला में भारती पंजाब सिंहनी स्वाती महाराज के निश्राय में होगी। इसके बाद दोनों बहने भौतिक दुनिया से नाता तोड़ संयम के पथ पर आगे बढ़ते हुए अध्यात्म की दुनिया की ओर प्रस्थान करेंगी। इस दौरान दोनों बहनों को दुल्हन की तरह सजाया गया। ओपन गाड़ी में ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जोकि रानियां के प्रमुख बाजारों से होकर निकली। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने खूब नाच गाकर उन्हें संयम के पथ पर आगे बढ़ने का हौसला बढ़ाया। आराध्या तथा कृतिका ने कहा कि बचपन से ही उनकी रुचि धर्म में हो गई थी।




रानियां। शोभायात्रा के दौरान वैरागन बहनें आराध्या जैन व कृतिका जैन।

**आठ साल के तप के बाद दीक्षा**

जैन धर्मशाला में जैन सभा के प्रधान द्वारा दोनों वैरागनों को तिलक लगाकर रस्म प्रक्रिया शुरू की। पंजाब के जालंधर शहर की सोनिया जैन व नरेश कुमार की पुत्रियां आराध्या जैन पिछले 8 साल से महासाध्वी स्वाती जी महाराज के साथ वैरागन के रूप में रही हैं। वहीं कृतिका जैन अपनी बहन के पदचिह्नों पर चलते हुए साढ़े 7 वर्ष से वैरागन हैं। सुख-सुविधाओं को त्यागकर वे सांसरिक दुनिया से दूर होकर आध्यात्मिक ज्ञान पाने की राह पर चल पड़ी हैं। बता दें कि महासाध्वी स्वाती जी महाराज ने आचार्य श्री डॉ. शिवमुनि जी महाराज की आज्ञानुसार कुछ दिन पहले मलेरकोटला के श्रीसंघ के आग्रह पर आराध्या और कृतिका जैन की दीक्षा पंजाब में करवाने के लिए जैन सभा रानियां में प्रवचनों में ही घोषणा की थी। इसके बाद वैरागन आराध्या और कृतिका जैन ने सूरत पहुंचकर आचार्य डॉ. श्री शिव मुनि जी महाराज से आशीर्वाद लिया।

**धर्म का जुनून**

आराध्या ने कहा कि आज के भौतिकवादी वातावरण से दूर रहना मुश्किल नहीं नामुकिन है, क्योंकि आज मोबाइल, टीवी, इंटरनेट का जमाना है। लेकिन जब धर्म का जुनून जीवन में आता है तो सभी भौतिकवादी बातें भी बेमानी लगती हैं। इसी जुनून से ही उन्होंने त्याग के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है। इस मौके पर एसएस जैन सभा के प्रधान बहादर जैन, सचिव सोमप्रकाश, उपाध्यक्ष नरेश जैन, मोहन लाल, सुरेन्द्र जैन, जीत जैन, साहिल जैन सहित अंबाला, हनुमानगढ, रोड़ी, गुडगांव, भदौड, फतेहाबाद, मलोट, चौटाला, सरदूलगढ, बंबीहा, झुम्बा सहित जैन समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

## लाइफ Style

# उर्वशी



## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।


## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान



**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'

# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा



**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स? :*** दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई।** भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप

### सीसीआई आज से शुरू करेगी नरमा की खरीद

**कालांवाली।** कालांवाली भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा कालांवाली में सोमवार से किसानों से समर्थन मूल्य पर नरमा-कपास की उपज खरीद शुरू करने की संभावना है जिसको लेकर सीसीआई द्वारा कपास किसान एप पर स्लाट बुकिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीसीआई अधिकारी अदरीश खान ने बताया कि स्लाट बुकिंग ओपन की गई है। जिले के पंजीकृत किसान एप पर जाकर अपना नाम सर्च कर निर्धारित फैक्ट्री में उपज बेचने के लिए स्लाट बुक कर सकते हैं। सीसीआई ने सात फैक्ट्रियों को खरीद प्रक्रिया से जोड़ा है। वहीं मंडी में अपनी फसल बेचने आए किसानों को सीसीआई की इस खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी ही नहीं है। ऐसे में समर्थन मूल्य पर खरीद प्रक्रिया सिरे चढने को लेकर संशय बना हुआ है। चकेरियां के किसान मंगल सिंह ने बताया कि उसने फसल बेचने के लिए एप पर बुकिंग की थी लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उसको रिप्लाई नहीं आया। किसानों ने एजेंसी के अधिकारियों से मांग की है कि उक्त विषय को लेकर पहले किसानों को पूर्ण जानकारी दी जाए ताकि वह स्लाट पर अपनी बुकिंग कर सकें।

### अपहरण कर युवक को बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

**जींद।** युवक का अपहरण कर बेरहमी से मारपीट करने पर सफीदों थाना पुलिस ने छह लोगों को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छापर निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों आया हुआ था। उसी दौरान गांव सरफाबाद निवासी सोनू तथा उसके साथियों ने गाड़ी में डाल लिया। जिसके बाद आरोपित उसे गांव हाट खेतों में ले गए। जहां पर कुछ युवक और मौजूद थे। आरोपितों ने उसकी वहां पर बेरहमी से पिटाई की। किसी तरह वह आरोपितों की चंगुल से भाग निकला और परिजनों को घटना के बारे में अवगत करवाया। सफीदों पुलिस ने विक्रम की शिकायत पर सोनू, बबलू, सचिन, टाटू, दिलबाद को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### वाशिंग मशीन में शॉर्ट सर्किट से सामान जला

**जींद।** डेढ़ राज मोहल्ला में रविवार को वाशिंग मशीन में शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लग गई। जिससे घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग से मकान को भी काफी नुकसान पहुंचा है। डेढ़ राज मोहल्ला निवासी सुंडा राम ने कपड़े धोने के लिए वाशिंग मशीन चलाई हुई थी। जिसमें शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें आसपास रखे सामान को भी अपनी चपेट में ले लिया। बचाव में शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता जब तक घर में रखे बैड, बिस्तर, एलईडी फ्रिज समेत अन्य घेरलू सामान जल चुका था।

### महापुकार रैली को लेकर जत्थे ने जिलेभर में चलाया जनसम्पर्क अभियान

# हरियाणा का सफाई कर्मचारी अब शोषण और उत्पीड़न सहन नहीं करेगा : बेगराज

- कर्मचारी 9 नवम्बर को सीएम नायाब सिंह सैनी के गृहक्षेत्र कुरुक्षेत्र में महापुकार रैली में भरेंगे हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। महापुकार रैली को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते कर्मचारी नेता।

प्रदेशभर के ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मचारियों द्वारा आल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले 9 नवम्बर को सीएम के गृहक्षेत्र कुरुक्षेत्र में महापुकार रैली की जाएगी। इस रैली में फतेहाबाद जिले से भी भारी संख्या में सफाई कर्मचारी भाग लेंगे। महापुकार रैली को लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त जत्था चलाकर तमाम विभागों के कच्चे-पक्के सफाई कर्मचारियों व सीवरमैनों से सम्पर्क कर उन्हें रैली में भाग लेने का निमंत्रण दिया जा रहा है। इस संयुक्त जत्थे में कर्मचारी नेता बेगराज, सुनील कुमार, हरपाल सिंह, ओमप्रकाश लोट, विजय ढाका सहित अनेक कर्मचारी शामिल हैं। टीम ने फतेहाबाद ,भूना, भट्टू, रतिया, टोहाना व जाखल में शहरी व ग्रामीण समेत विभिन्न विभागों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को संबोधित किया तथा कुरुक्षेत्र रैली में जाने का निमंत्रण देखते हुए आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया। कर्मचारी नेताओं ने दावा किया कि सफाई कर्मचारियों की यह रैली ऐतिहासिक होगी।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बेगराज ने कहा कि हरियाणा का सफाई कर्मचारी अब शोषण और उत्पीडन को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों का जमकर शोषण कर रही है और ठेकाप्रथा लागू करके ठेकेदारों की सेवा में लगी है। अलग-अलग सरकारी विभागों में 20-20 साल से कच्चे सफाई कर्मचारी और सिवरमैन काम करते हैं लेकिन उनको पक्का नहीं किया गया।

#### 13 सदस्यीय कमेटी का गठन



**रतिया।** रतिया की अनाज मंडी में हरियाणा मजदूर यूनियन की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजा ने की। बैठक में मुख्य तौर पर इंकलाबी नौजवान सभा के अध्यक्ष गुरप्रीत गोपी, देहाती मजदूर सभा के तजिंदर थिंद, जसपाल खूनन और परमजीत लाली विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अनाज मंडियों में पल्लेदार मजदूरों को न तो उनका पूरा रेट मिल रहा है, न ही पहचान पत्र या सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। मजदूर अपनी जायज मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक 13 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें हैप्पी ग्रोहा को कन्वीनर, राजा को अध्यक्ष, विनोद को सचिव, सुखा को कैशियर, बूटा सिंह को सहसचिव तथा सेवा सिंह, छिन्दा, काला व बब्बू को कमेटी सदस्य चुना गया। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार मजदूरों की सभी मांगें स्वीकार नहीं करती, तब तक यह धरना और संघर्ष जारी रहेगा।

#### 11 साल में नहीं हुई पक्की भर्ती

बीते 11 साल में भाजपा की सरकार ने एक भी सफाई कर्मी और सीवरमैन की पक्की भर्ती नहीं की गई है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारी वर्ग के साथ धोखा किया है। 24 नवम्बर 2024 को खुद मुख्यमंत्री ने अपनी जुबान से जींद में घोषणा करते हुए कहा था कि ग्रामीण सफाई कर्मियो को 26000 और शहरी सफाई कर्मियों को 27000 रुपये वेतन दिया जाएगा। लेकिन मुख्यमंत्री ने 11 जून को अपने वायदे से मुकरते हुए केवल 2100 रुपये बढाने की घोषणा की, जो आज तक सभी सफाई कर्मियों के लिए लागू नहीं हुई है। केवल निगम रोल पर लगे कर्मियों के लिए पत्र जारी किया है। संगठन के नेताओं ने कहा की अब सफाई कर्मचारी और सिवरमैन एकजूट होकर हल्ला बोलने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सफाई कार्य में ठेका प्रथा बन्द किया जाए और 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की भर्ती की जाए। सभी कच्चे सफाई कर्मियों और सीवरमैन को बिना शर्त पक्का किया जाए। 26-27 हजार मासिक वेतन लागू की जाए। ऑनलाइन हाजरी बन्द की जाए।




नामदेव जयंती समारोह के लिए सिरसा से जत्था रवाना होते हुए। फोटो :हरिभूमि

# नामदेव जयंती समारोह के लिए जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हिसार में प्रस्तावित नामदेव जयंती समारोह में शामिल होने के लिए सिरसा से वाहनों का जत्था रविवार को श्री नामदेव सभा सिरसा के कार्यकारी प्रधान आत्मप्रकाश रोहिल्ला की अध्यक्षता में हिसार रवाना हुआ। कार्यकारी प्रधान ने बताया कि भक्त नामदेव का जन्म 26 अक्तूबर 1270 को महाराष्ट्र के जिला संतारा में पंढरपुर गांव में हुआ। हिसार रवाना होने वालों में उपप्रधान राजबीर सिंह रोहिल्ला, महासचिव पवन छिंपा, कोषाध्यक्ष मास्टर गंगाधर छिंपा, ललित छिंपा, प्रदीप रोहिल्ला, विक्रम रोहिल्ला, राकेश छिंपा, सुरेंद्र बेदी, अमन रोहिल्ला, सीताराम बटनवाला एवं समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# एक किलो 530 ग्राम चूरापोस्त सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**जींद।** जिला में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए सफीदों पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को एक किलो 530 ग्राम चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है।

एएसआई जलोरा सिंह सीआईए सफीदों टीम साहित गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि गांव रोहड के निकट एक व्यक्ति चूना पोस्त लिए ग्राह का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की की और बताए गए स्थान पर छापेमारी की। पुलिस को देख कर आरोपित भागने लगा। जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए काबू कर लिया।

राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में आरोपति की तलाशी ली तो उसके पास चूरा पोस्त बरामद हुआ। जिसका वजन करवाने पर एक किलो 530 ग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में नशा तस्कर की पहचान गांव रोहड़ निवासी सुरजीत के रूप में बताई। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक सीजन भी नहीं टिके मंडी रोड पर लगे पैच

- किसानों और मजदूरों ने विभाग पर घटिया मैटीरियल का प्रयोग करके भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के रतिया रोड स्थित अनाज मंडी में धान की खरीद जोरों पर चल रही है। धान खरीद से पूर्व मार्केटिंग बोर्ड द्वारा अनाज मंडी में पुख्ता प्रबंध करने के दावे किए गए थे। सड़कों के बने गड्ढों को भरने के लिए पैच लगाए गए थे, जोकि सीजन खत्म होने से पहले ही उखड़ गए हैं। मंडी में इन पैच के उखड़ जाने के बाद किसानों और मजदूरों ने विभाग पर घटिया मैटीरियल का प्रयोग करके भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए हैं। किसानों ने सरकार से उक्त कार्य की नियमानुसार जांच करने की मांग की है ताकि गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जा सके। किसान सुंदर लाल, शंकर सिंह, राजेश, जिले सिंह, सुखबीर आदि ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों की सुविधा को लेकर सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन अधिकारियों ने जमकर भ्रष्टाचार करते हुए सड़कों पर पैच लगाने में बेहद घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया, जिस कारण सीजन खत्म होने से पहले ही यह पैच उखड़ने शुरू हो गए हैं। अब किसानों का धान इन गड्ढों में गिरकर खराब हो रहा है, साथ ही ट्रैक्टर ट्राली भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने सरकार व जिला प्रशासन से मांग की है कि यहां पैच लगाने के कार्य की विभागीय जांच करवाई जाए और घटिया सामग्री लगाने वालों पर सख्त एक्शन लिया जाए।

### साइबर ठग ने 9.20 लाख का चूना लगाया

**जींद।** साइबर ठगों ने विदेश मे रह रहा जानकार बन कर एक व्यक्ति को नौ लाख बीस हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना निवासी बलवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका जानकार विदेश में रह रहा है। गत तीन अक्टूबर को उसके व्हाट्सअप पर विदेशी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसके साथ जानकार बन कर बात की। खुद को परेशानी में बताते हुए रुपयों की जरूरत बताया। रुपये उसके एजेंट को देने को कहा। जिसके बाद उसने खाते में रुपये भेजने की स्लीप भी भेजी। कुछ समय के बाद एक दूसरे नंबर कॉल आई। जिसने खुद को एजेंट बताया और राशि डालने के लिए कहा। उसने नौ लाख बीस हजार रुपये भेजे। उसे ठगी का अहसास हुआ।

# पुलिस अधिकारी बनकर 2.20 लाख ठगी करने वाले 3 काबू

- आरोपियों से तीन मोबाइल बरामद, एक आरोपी रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर थाना पुलिस टीम ने साइबर ठगी के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए एक आरोपी को रिमांड पर भेज दिया गया।

जांच अधिकारी एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस माह 4 अक्टूबर साइबर थाना में एनसीसीआरपी पोर्टल से 2 लाख 20 हजार रुपये की ठगी के बारे में शिकायत प्राप्त हुई। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर एक उत्पाद का विज्ञापन देखा और उसे ऑनलाइन मंगवाया व उस उत्पाद को वापस कर दिया।

9 सितंबर 2025 की शाम शिकायतकर्ता के पास एक व्यक्ति ने खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी जोगिंद्र बताकर फोन किया और कहा कि तुमने डॉक्टर से जो दवाई मंगवाई थी उसका दुष्प्रचार कर रहे हो। डॉक्टर ने तुम्हारे खिलाफ पुलिस ने शिकायत दी है और तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों ने खुद को डॉक्टर विक्रम चौहान बताकर शिकायतकर्ता को धमकाकर गूगल पे के माध्यम से कुल 2 लाख 20 हजार 850 रुपये ठग लिए।

#### दिल्ली के हैं तीनों आरोपी

जांच अधिकारी ने बताया कि साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी जांच और बैंक खातों की जानकारी के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कौशिक एन्क्लेव, गांव बुराड़ी, नजदीक न्यू गवर्नमेंट स्कूल, नॉर्थ दिल्ली निवासी गगनपाल, श्रद्धानंद कॉलोनी नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली निवासी सतेन्द्र मुकुंद विहार नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली निवासी योगेश के रूप में हुई। आरोपी योगेश ने अपने आप को पुलिस अधिकारी बताकर शिकायतकर्ता के पास फोन किया और गगनपाल व सतेंद्र ने अपने बैंक अकाउंट में ठगी की धनराशि ट्रांसफर करवाई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी गगनपाल का दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है, जिससे ठगी में शामिल अन्य व्यक्तियों व खातों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### केबल चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी पुलिस ने केबल चोरी करने वाले सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों से वारदातों में प्रयोग किए गए औजार व अन्य सामान बरामद किया है।

गढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि गत 20 अक्टूबर को सुखमीत ने धमतान साहिब चौकी में पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसके खेतों व अन्य किसानों के खेतों में लगे ट्यूबवेलों से सबमर्सिबल केबलें चोरी कर ली हैं। मुख्य सिपाही कृष्ण कुमार ने तफ्तीश के दौरान थाना शहर टोहाना में दर्ज एक अन्य चोरी मामले से कड़ी जुड़ने पर पुलिस ने आपसी समन्वय से कार्रवाई को आगे बढ़ाया। गहन जांच के उपरांत पुलिस ने टोहाना क्षेत्र की टिब्बा बस्ती से आरोपित अंग्रेज उर्फ विकास, लखविंद्र उर्फ गंजु, शमशेर उर्फ गोलू, सावन, सोनू को गिरफ्तार किया।

डॉ. दीपक बामल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करके रखीं समस्याएं

# मुख्यमंत्री को कराया हरियाणा विश्वविद्यालयों के पार्ट टाइम टीचर्स की समस्याओं से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। मुख्यमंत्री को समस्याएं बताते डॉ. दीपक बामल।

हरियाणा यूनिवर्सिटीज पार्ट टाइम टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक बामल ने मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर एसोसिएशन की मांगों को लेकर चर्चा की। डॉ. दीपक बामल ने सरकार द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट को लागू करवाने की मांग रखते हुए कहा कि लंबे समय से पार्ट टाइम शिक्षकों को स्थायी समाधान की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है और संबंधित विभाग उसका विश्लेषण कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार शीघ्र ही रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने पर निर्णय लेगी। डॉ. बामल ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र ही रिपोर्ट के अनुसार निर्णय लागू करेगी ताकि प्रदेश के विश्वविद्यालयों के पार्ट टाइम शिक्षकों को राहत मिल सके।

# कैथल की बेटी नीति चौधरी इंग्लैंड में करेंगी शोध कार्य

- प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप के तहत हुआ चयन



नीति चौधरी

**कैथल।** कैथल की होनहार बेटी नीति चौधरी प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप के तहत अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का नाम चमकाने जा रही हैं। कॉमनवेल्थ फेलोशिप के तहत इंग्लैंड में शोध कार्य के लिए उनका चयन हुआ है। इसके लिए उन्हें यूके वीज़ा भी प्राप्त हुआ है।यह नीति चौधरी की बड़ी सफलता है। चौधरी ने विशेष बातचीत में बताया कि वे आईआईटी रुड़की की शोध छात्रा हैं।हाल ही में उन्होंने अमेरिका के शिकागो, इलिनोइस में आयोजित 248वें ईसीएस मीटिंग में भाग लेकर देश का गौरव बढ़ाने का अवसर मिला। उन्हें इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी सरकार की तरफ से ट्रैवल अवॉर्ड मिला। भारत सरकार के इंटरनेशनल ट्रैवल स्पोर्ट ऑफ इंडिया ने उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा किया।

मौजूदा स्थिति में अमेरिका का वीज़ा प्राप्त करना भारतीयों के लिए इन दिनों कठिन माना जा रहा है। लेकिन नीति की काबिलियत ने तमाम अड़चनों को मात देते हुए उत्कृष्ट उपलब्धियों से यह सफलता की उड़ान भरी।नीति की मेहनत और लगन ने हरियाणा प्रदेश के साथ-साथ बल्कि भारत को गर्वान्वित किया है। उनका यह सफर देश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनता नजर आ रहा है।उन्होंने साबित कर दिया मजबूत इच्छा शक्ति और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उनकी इस उपलब्धि ने न सिर्फ हरियाणा बल्कि पूरे भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवांवित किया है।

# नशा मुक्ति टीम ने जल्लोपुर व हड़ौली में की नुक्कड़ सभाएं

- पुलिस की नशा मुक्ति टीम गांव-गांव पहुंचकर जागरूक कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस की नशा मुक्ति टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में एसआई सुंदर के नेतृत्व में टीम ने गांव जल्लोपुर व हड़ौली में दो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और पंचायत सदस्यों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो का संकल्प लिया। टीम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी के आस-पास कोई व्यक्ति नशे की लत से पीड़ित है, तो उसे छिपाने के बजाय तत्काल पुलिस या नशा मुक्ति केंद्र की सहायता लें। कार्यक्रम के दौरान गांव जल्लोपुर के 5 और हड़ौली के 4 ड्रग पीड़ितों की पहचान की गई। उनकी काउंसलिंग कर उन्हें आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराई गई। पुलिस टीम ने इन युवाओं को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उन्हें जीवन की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए सहायता प्रदान करेगा।

#### नशे के खिलाफ तेज की जाएगी मुहिम

एसआई सुंदर ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत इस प्रकार की जन जागरुकता गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही हैं, ताकि नशे के खिलाफ एक सशक्त सामाजिक माहौल तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल नशा छुड़ाना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगाना है। फतेहाबाद पुलिस का यह सतत प्रयास समाज को नशे के अभिशाप से मुक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बनता जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में यह मुहिम और भी व्यापक स्तर पर जारी रहेगी, ताकि फतेहाबाद जिला नशा मुक्त बनने की दिशा में मिसाल कायम कर सके।

## खेल

### विजेता खिलाड़ी का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

थर्ड एशियन यूथ गेम 19 से 23 अक्टूबर तक बहरीन में आयोजित हुए

# किसान के बेटे आर्यन लोहान ने यूथ एशियन कबड्डी में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। खिलाड़ी आर्यन लोहान को गदा भेंट करते हुए ग्रामीण।

गांव भैणी अमीरपुर निवासी आर्यन लोहान ने यूथ एशियन गेम्स के नेशनल कबड्डी में अंडर 18 आयु वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। थर्ड एशियन यूथ गेम 19 से 23 अक्टूबर तक बहरीन में आयोजित किए गए थे। विजेता खिलाड़ी का गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र शर्मा, सरपंच प्रीतम लोहान ने बताया कि इस उपलब्धि से पूरी क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। नेशनल कबड्डी की टीम के चयन के लिए पिछले दिनों उत्तराखंड में ट्रायल हुई थी और ट्रायल में आर्यन लोहान का चयन अंडर 18 आयु वर्ग में भारतीय टीम में हो गया था। थर्ड एशियन यूथ गेम्स बहरीन में आयोजित किए गए। जिसमें देश की तरफ से खेलते हुए सभी मैचों में जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला ईरान की टीम के साथ हुआ जिसमें ईरान की टीम को हराकर गोल्ड जीतने का काम किया। वह पिछले सात सालों से कबड्डी का अभ्यास कर रहे हैं। इससे पहले भी वह कई मेडल जीत चुका है।

#### इन प्रतियोगिता में भी जीते

कबड्डी खिलाड़ी आर्यन लोहान ने बताया कि अब तक उन्होंने 32वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल और बेस्ट रेडर, 67वीं स्कूल नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, 68वीं स्कूल नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, अंडर 18 नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। भविष्य में देश के लिए खेल कर गोल्ड मेडल जीतने का सपना है। इस अवसर पर रामनिवास लोहान, सुनील कालीरामन, कोच जयबीर शर्मा, सुभाष, जसमेर इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### चुनावी वायदे पूरा नहीं कर पाए सीएम : इंदौरा

**सिरसा।** पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनावी घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वायदे प्रदेश की जनता से किए थे, लेकिन एक साल का समय बीत जाने के बाद अभी तक भी उन्होंने कोई वायदा पूरा नहीं किया। इंदौरा ने पूछा कि क्या दो लाख लोगों को नौकरी मिल गई? उन्होंने पूछा कि कौशल रोजगार के तहत कार्यरत सभी कर्मचारी पक्के हो गए। महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100-2100 रुपये मिल गए? उन्होंने कहा कि स्कूल में जाओ तो टीचर नहीं, अस्पताल में जाओ तो डॉक्टर नहीं, यहां तक की सरकार ने कौशल रोजगार में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की, जिससे इस योजना में कार्यरत कर्मचारियों के सिर पर हमेशा बेरोजगारी की तलवार लटकती रहती है।

### 31 अक्तूबर को होगी रन फॉर यूनिटी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर आगामी 31 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा, जो शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा से सुबह 07 बजे आरंभ होगी। देश की एकता और अखंडता को समर्पित इस दौड़ में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान जिला में राष्ट्रीय एकता के ध्येय के साथ पदयात्राओं का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष को पूरे देशभर में विशेष उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस क्रम में जिले में भी देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विचार गोष्ठियां और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में अयास करवाएगी फॉगिंग: चौटाला

**सिरसा।** डबवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ते डेंगू और मलेरिया के मामलों को देखते हुए जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने अब इस अभियान की कमान खुद संभाल ली है। उन्होंने अपनी सामाजिक संस्था अयास के माध्यम से क्षेत्र के सभी डेंगू प्रभावित गांवों में फॉगिंग अभियान और फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित करवाने का निर्णय लिया है। इससे पहले दिग्विजय चौटाला ने उपायुक्त से बातचीत कर प्रभावित गांवों में मच्छरनाशी दवा का छिडक़ाव करवाने की मांग की थी लेकिन प्रशासन की लापरवाही को देखते हुए अब उन्होंने स्वयं इस कार्य की जिम्मेदारी उठाई है। उल्लेखनीय है कि अयास संस्था के माध्यम से दिग्विजय चौटाला समय-समय पर हेल्थ चेकअप, आई चेकअप और कैंसर स्क्रीनिंग कैंप जैसी सामाजिक गतिविधियां करवाते रहे हैं। अब संस्था द्वारा डेंगू नियंत्रण के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

### उत्पीड़न मामले में पति गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** महिला सुरक्षा और दहेज उत्पीडऩ विरोधी अभियान के तहत थाना सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान योगेश कुमार पुत्र रमेश कुमार, निवासी गांव कुकड़ावाली, जिला सिरसा के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि शिकायत के आधार पर योगेश कुमार पर फरेब, मारपीट, मानसिक उत्पीडऩ व दहेज मांगने के आरोप हैं। प्रार्थीया राम भतेरी पत्नी योगेश कुमार ने बताया कि शादी के बाद से आरोपी और उसके परिवार ने लगातार उसे परेशान किया, मारपीट की और दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और अन्य मूल्यवान वस्तुएं देने की धमकी दी। इसके साथ ही आरोपी ने प्रार्थीया को धारसूल कलां के घर से बाहर निकालने और जान से मारने की धमकियां भी दी। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर 11 अक्टूबर को केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच में आरोपी के परिवार के अन्य सदस्यों और प्रार्थीया के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश भी सामने आई।

## फतेहाबाद में 8.73 लाख एमटी धान की आवक, पिछले साल हुई थी 7.43 लाख एमटी खरीद

# पिछले साल का रिकॉर्ड टूटा, इस बार 1.30 लाख एमटी ज्यादा हुई धान की खरीद

*तीन खरीद एजेंसियां धान की खरीद करने में जुटी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में धान से भरी बोरियां। फोटो : हरिभूमि

जिले की मण्डियों और खरीद केन्द्रों पर धान की आवक जोरों पर है। इस बार धान की खरीद ने पिछले साल की खरीद का रिकार्ड तोड़ दिया है। अब तक जिले में पिछले साल से 1 लाख 30 हजार एमटी ज्यादा धान की आवक हो चुकी है। जिले में तीन खरीद एजेंसियां फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान की खरीद कर रही है। जिले में अब तक 8 लाख 73 हजार 346 एमटी धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 8 लाख 52 हजार 768 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें से करीब 73.33 प्रतिशत यानि 6 लाख 40 हजार 4141 एमटी धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 2 लाख 12 हजार 354 एमटी धान अब भी मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर पड़ा है। जिले में पिछले साल कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद की गई थी। बता दें कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। फतेहाबाद जिले में फूड एंड सप्लाई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी को सीएमआर के लिए 271 राइस मिलें अलाट की गई हैं। इनमें फूड एंड सप्लाई को 93, हैफेड को 88 व एचडब्ल्यूसी को 90 मिलें शामिल हैं। खरीद एजेंसियां अब तक 264 राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट कर चुकी हैं, जिनमें फूड एंड सप्लाई द्वारा अब तक 91, हैफेड द्वारा 85 व एचडब्ल्यूसी द्वारा 88 मिलें शामिल हैं। जिले में अब तक 8 लाख 73 हजार 346 एमटी धान मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर आया है जिसमें से 8 लाख 52 हजार 768 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 15852 किसानों से 3 लाख 25 हजार 760 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 70 प्रतिशत यानि 2 लाख 27 हजार 793 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 97 हजार 967 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 70 प्रतिशत किसानों को 546 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। हैफेड द्वारा 16732 किसानों से 2 लाख 71 हजार 461 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 77.26 प्रतिशत यानि 2 लाख 9 हजार 743 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 61 हजार 718 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। हैफेड द्वारा 77 प्रतिशत किसानों को 497 करोड़ 29 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 18561 किसानों से 2 लाख 55 हजार 547 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 79.39 प्रतिशत यानि 2 लाख 2 हजार 878 एमटी धान की उठान हो चुका है 52 हजार 669 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। 75 प्रतिशत किसानों को 460 करोड़ से ज्यादा का भुगतान हुआ है।

**पिछले 5 सालों में हुई खरीद**

| साल | कुल परचेज |
|---|---|
| 2020-21 | 628377 |
| 2021-22 | 667170 |
| 2022-23 | 926298 |
| 2023-24 | 926432 |
| 2024-25 | 743194 |

### मंडियों में केवल हरियाणा का ही बिकेगा धान



एसपी सिद्धांत जैन।

**फतेहाबाद।** जिले की मण्डियों में बाहरी राज्यों से धान आने की शिकायतों के बाद जिला पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार जिलेभर के सभी चौकी एवं थाना प्रभारियों को सख्त आदेश जारी किए गए हैं कि किसी भी हालत में बाहरी राज्य का धान फतेहाबाद की मंडियों में न बेचा जाए। केवल हरियाणा प्रदेश का धान बिक्री की अनुमति होगी। यह कदम किसानों की मेहनत और उत्पादन की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय मंडियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। एसपी जैन ने कहा कि अंतरराज्यीय नाकों पर लगातार चेकिंग की जाएगी। ट्रक, वाहन या कोई भी संदिग्ध गतिविधि पुलिस की नजर से बच नहीं पाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी चौकी एवं थाना प्रभारी पूरी सतर्कता और सख्ती के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। पुलिस और प्रशासन के सहयोग से इस अभियान की सफलता सुनिश्चित की जाएगी।

### बाहर से आने वाले धान पर पुलिस रख रही नजर

**डबवाली।** डबवाली की मंडियों में धान की फसल की आवक शुरू हो गई है। जिसके तहत किसानों ने अपनी फसल को अपनी स्थानीय मंडियों में लाना शुरू किया गया है। स्थानीय किसानों को अपनी फसल की बिक्री में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े और उनके हितों को सुरक्षित रखा जा सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी अंतरराज्यीय नाकों पर कड़ी निगरानी रखें, जोकि हरियाणा में बाहरी राज्यों से धान की बिक्री पर रोक लगाई जा सके और फसल बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता कायम रहे। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि हरियाणा की मंडियों में बाहरी राज्यों से धान की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहे।

### महिला को अपशब्द बोलने को लेकर विवाद दो भाइयों पर हमला कर किया घायल

- हड़ौली में वारदात, घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

**फतेहाबाद।** गांव हड़ौली में महिला को अपशब्द बोलने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने दो भाइयों पर हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में रतिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव हड़ौली निवासी कुलदीप सिंह उर्फ बिल्ला ने कहा है कि 15-20 दिन पहले उनके परिवार से ही चरणी पुत्र बिट्टू ने उसकी मामी को गलत शब्द बोले थे। इस पर उसके भाई मानक ने चरणी को थप्पड़ मारा था। कुलदीप ने कहा कि गत दिवस शाम को उसका भाई मानक व वीरू राम गांव हड़ौली में दूध डेयरी से दूध लेने गए थे। जब वह वापस आ रहे थे तो मुख्तयार ने चरणी को थप्पड़ मारने की रंजिश को लेकर माणण को पकड़ लिया और थप्पड़ मारकर हाथापाई की। इसके बाद मानव व वीरू दोनों घर आ गए और सारी बात बताई। कुलदीप ने कहा कि इसके बाद जब वह अपने भाई मानक, पिता सुरजीत सिंह के साथ समझौते के लिए मुख्तयार के घर जा रहे थे तो गली में मुख्तयार सिंह खड़ा था। उसके साथ बिट्टू व वीरू नामक युवक भी थे। बाद में गुरमुख भी वहां आ गया।

## शहीद रामकुमार बैनिवाल को दी श्रद्धांजलि शिविर में 65 युवाओं ने किया रक्तदान

*ग्राम पंचायत अलालवास में शहीद की याद में दो मिनट का मौन रखा, युवाओं ने दिखाया उत्साह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** अलालवास में रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

ग्राम पंचायत अलालवास द्वारा गांव वासियों के सहयोग से राजीव गांधी सेवा केंद्र अलालवास में शहीद रामकुमार युवा क्लब द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शहीद राम कुमार बैनिवाल को 2 मिनट का मौन रख कर याद किया गया। शिविर में 65 यूनिट रक्त इक_ा हुआ। लाईफ लाईन ब्ल्ड बैंक जीन्द से डाक्टरों की टीम ने इस रक्तदान शिविर में अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है।

ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। इस मौके पर प्रधान सत्यनारायण, राजेन्द्र कुमार डावला, रविंद्र, प्रदीप, कुलदीप, शिवकुमार, मुन्ना, सुभाष, विक्की, बनवारी लाल, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्री श्याम बगीची में लगा निः शुल्क जांच शिविर



**सिरसा।** दांतों की जांच करते हुए दंत चिकित्सक।

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की ओर से दांतों की जांच शिविर का आयोजन किया गया।श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बरनांला रोड स्थित गोयल डेंटल केयर से दंत विशेषज्ञ डॉ. वंदना गोयल ने अपनी सहयोगी सिया रानी व अनुराधा गोयल के साथ शिविर में आए हुए लोगों के दांतों की जांच की। डॉ. वंदना गोयल ने बताया कि सभी को अपने दांतों की अच्छे से देखभाल करनी चाहिए। सुबह और रात को दोनों समय ब्रश करना चहिए। रात को सोने से पहले अवश्य ही ब्रश करना चाहिए। मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। एक माह में एक बार दंत विशेषज्ञ को जरुर दिखाना चाहिए। यदि दांतों में ठंडा या गर्म लगता हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोल्ड ड्रिंक दांतों के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है। वहीं फास्ट फूड भी दांतों को नुकसान पहुंचाते है। शिविर में 52 लोगों के दांतों की निशुल्क जांच की गई। उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी गई।

## पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों के काटे चालान



**सिरसा।** यातायात पुलिस बुलेट चालक का चालान काटते हुए।

**डबवाली।** पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा को सुनिश्चित करने व सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में बुलेट पटाखा, ध्वनि प्रदूषण, ब्लैक फिल्म, ट्रिपल राइडिंग, लाइन चेंज व ड्रंकन ड्राइव के तहत वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके साथ ही आमजन को यातायात नियमों का पालन करने बारे जागरूक किया जा रहा है। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि जो लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों के प्रति लापरवाही बरतते हैं, जिसकी वजह से हम खुद सहित दूसरों के जीवन को खतरे में डालते हैं। पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नहीं है, बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है। सडक़ों पर होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाले जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए पुलिस कटिबद्ध है। ऐसे में आमजन समाज के एक जिम्मेदार व समझदार नागरिक होने के नाते यातायात नियमों का पालन करें। वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस डबवाली द्वारा वाहन चालकों को जानकारी दी जा रही है। बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड, ट्रक युनियन व शैक्षणिक संस्थानों में जाकर भी यातायात के नियमों के बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। फिर भी अगर कोई वाहन चालक यातायात के नियमों की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के दौरान 20 से 26 अक्टूबर तक यातायात पुलिस डबवाली द्वारा मुख्य रूप से शराब पीकर ड्राइविंग के 2, ट्रिपल राइडिंग के 25, बुलेट पटाखा के 6, ओवर स्पीड के 110 व अन्य चालान काटे गए।

## देशभर से पहुंचे जैन समाज ने शहर में निकाली शोभायात्रा

*धन शीतल कैलाश प्रतिभा गुणगान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन*



**सिरसा।** शहर में कलश यात्रा निकालती हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

कालांवाली एसएस जैन सभा की ओर से रविवार को धन शीतल कैलाश प्रतिभा गुणगान दिवस मनाया गया। समारोह में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान सहित देशभर से सैंकड़ों श्रद्वालुओं ने भाग लिया। समारोह से पूर्व शहर में कलश यात्रा निकाली गई।

शोभयात्रा एसएस जैनसभा से आरंभ हुई ओर प्रमुख बाजारों से होते हुए रेलवे फाटक के पास डॉक्टर मार्केट में पहुंची। जहां से यह यात्रा समारोह स्थल पर पहुंची। जैनसभा के सरंक्षक पारस जैन दुग्गड़ व नरेश गर्ग धर्मपुरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिव मुनि महाराज व जितेंद्र मुनि ने आशीर्वाद दिया गया।ा र्यक्रम में रूप दरबार, आत्म दरबार, आनंद दरबार, देवेंद्र दरबार, पदमसैन दरबार, धन दरबार, शीतल दरबार, कैलाश दरबार, प्रतिभा दरबार का अनावरण किया गया जोकि आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में नीलम जैन लुधियाना अध्यक्ष के तौर पर, विजय-आशा जैन दिल्ली मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## कृषि विभाग ने किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया



**सिरसा।** किसानों को पराली बनाने के बारे में जागरूक करते हुए।

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीमों ने रविवार को गांव झोरडऩाली, देसू मलकाना, मल्लेकां, कालांवाली आदि में पहुंचकर किसानों को जागरूक करते हुए पराली प्रबंधन के उपाय बताए। किसानों को बताया कि पराली को खेतों में मिलाकर मिट्टी की सेहत को बेहतर बनाया जा सकता है। इससे न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ेगी बल्कि रासायनिक खादों पर खर्च भी कम होगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करने पर किसानों को 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन मशीनों पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर और बेलर-कम-रीपर बाइंडर जैसे आधुनिक यंत्र शामिल हैं। किसान इन उपकरणों का उपयोग कर पराली को खेत में ही समेट सकते हैं या उसकी गांठें बनाकर विभिन्न उद्योगों को बेच सकते हैं। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वातावरण में जहरीली गैसें निकलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। धुएं से सांस, आंख और त्वचा संबंधी रोग फैलते हैं। इतना ही नहीं, पराली जलाने से खेत की मिट्टी खराब होती है।

**नियुक्ति** सनियाना मंडल के पांच कार्यकर्ता बने भूना मार्केट कमेटी सदस्य, बोले

# अनाज मंडियों के कामकाज को प्रभावी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** मार्केट कमेटी के मनोनीत सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार ने भूना मार्केट कमेटी के मनोनीत 20 सदस्यों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सनियाना मंडल के पांच भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार के इस निर्णय से क्षेत्र के व्यापारिक वर्ग और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। रविवार को सरकार द्वारा जारी सूची के अनुसार, मार्केट कमेटी भूना में बलवंत सिंह बैजलपुर, मदनलाल गर्ग भूना, भागीरथ बैजलपुर, महेंद्र सिंह बैजलपुर, धर्मवीर नहला, राजेश धवन भूना, दिनेश आनंद गोरखपुर, विनोद कुमार टिब्बी, रघुवीर सिंह जांडली खुर्द, सुखविंदर सिंह रहनखेड़ी, रोहताश कुमार लहरिया, मोलूराम रूलानिया भूना, नंदलाल कंबोज भूना, सुभाष गैदर भूना, विजय कुमार भूना, धर्मपाल भूना और बलजीत सोनी सहित कुल 20 सदस्य शामिल किए गए हैं।


मार्केट कमेटी के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी पहले ही राजबीर नहला को सौंपी जा चुकी है, जबकि कैलाश बंसल भूना को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा नायब तहसीलदार भूना को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सरकार का उद्देश्य मंडी के कामकाज को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है, ताकि किसानों और व्यापारियों दोनों को इसका लाभ मिल सके।

### संगठन मजबूत होगा

नए सदस्यों के चयन से क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखने की भी कोशिश की गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार ने समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देकर संगठन को मजबूत करने का काम किया है। वहीं व्यापारिक वर्ग ने उम्मीद जताई है कि नई मार्केट कमेटी के गठन से मंडी में विकास कार्यों को गति मिलेगी और किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होगा। मार्केट कमेटी भूना का गठन लंबे समय से लंबित था, ऐसे में इस घोषणा से स्थानीय स्तर पर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## स्केटिंग चैंपियनशिप में छाए बच्चे




**सिरसा।** हुड़ा सेक्टर 20 स्थित जेजी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्केटिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने इनलाइन और क्वाड स्केटिंग की अलग-अलग आयु वर्गों की रेसों में गति और कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। फेडरेशन की अध्यक्ष डॉ. दीपिका सिहाग ने स्केटिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में जशन कंबोज (8 से 10, इनलाइन बॉयज) और अचिन्य गांधी (6 से 8, क्वाड बॉयज) ने अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नक्षवीर सिंह (10 से 12, इनलाइन बॉयल) और रोहन (10 से 12, क्वाड बॉयज) भी अपनी-अपनी रेसों में अव्वल रहे।